सम्मान्नीय महोदय/महोदया,

सादर जय जिनेन्द्र !

- नूतन वर्ष 2016 की शुभकामनाओं सहित आपके न्यास की वर्ष 2016 के प्रथम चार माह की प्रगति को हम इस पत्र के माध्यम से आपके कर कमलों में सौंप रहे हैं।
- हम आपको सूचित करते हुए हर्षित है कि श्री बडे बाबा तीर्थ क्षेत्र कुण्डलपुर की नगरी में प.पू. आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज विराजमान हैं, तीर्थ क्षेत्र से सागर शहर मात्र 130 कि.मी. दूरी पर है।
- **चिकित्सा शिविर**– दिनांक 31 जनवरी को सागर सदर मुहाल शाकाहार प्रचार मो. शफीक भाई के निवास स्थल पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जिसमें चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉ. नितिन जैन तथा डॉ. कुलदीप पाल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस शिविर से लगभग 150 रोगी लाभांवित हुए। इसी श्रृंखला में दिनांक 07 फरवरी 2016 को सकल दिगम्बर जैन समाज बंडा के सौजन्य से बंडा शहर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. प्रदीप कुर्मी डॉ. कुलदीप पाल डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं डॉ. धीरेन्द्र सिंह सहित पैरामेडीकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं दी, इस शिविर से लगभग 250 रोगी लाभांवित हुए। दिनांक 13 मार्च 2016 को JYSS खुरई चिकित्सालय में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में यहाँ के चिकित्सक डॉ. प्रदीप कुर्मी एवं डॉ. गौरव जैन ने अपनी सेवाएं दीं।
- **रक्तदान शिविर** – दिनांक 31.01.2016 को मो. शफीक भाई के निवास स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विचार संस्था एवं सहयोगियों से 10 इकाई रक्त एकत्रीकृत किया गया। वैश्य महा सम्मेलन संस्था द्वारा सागर सिविल लाईन चौराहे के समीप रक्तदान शिविर आयोजित कराया गया। इस शिविर में 18 इकाई रक्त प्राप्त हुआ। इसी श्रृंखला में दिनांक 19.04.2016 को डॉ. महेन्द्र जैन (न्यासी) के कार्य स्थल राहतगढ बस स्टेन्ड सागर में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'मैत्री' के तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर से 12 इकाई रक्त प्राप्त हुआ।
- **गणतंत्र दिवस** – न्यास परिसर में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर संजीवनी बाल आश्रम मकरोनिया सागर के बच्चे अतिथि के रूप में पधारे तथा न्यास द्वारा संचालित नर्सिंग, फॉर्मेसी तथा पैरामेडीकल विद्यार्थियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। पश्चात न्यास के अधिकारियों / कर्मचारियों ने संजीवनी आश्रम पहुँचकर न्यास के सौजन्य से बच्चों को भोजन कराया।
- **नर्सिंग महाविद्यालय** – दिनांक 02 अप्रैल 2016 को महाविद्यालय में वर्ल्ड ऑटिज्म (स्वलीनता) दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस यहाँ के विद्यार्थियों ने पोस्टर एवं प्रश्नमंच कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया। इसी प्रकार 07 अप्रैल 2016 को वर्ल्ड डायबिटीज दिवस एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने डायबिटीज की बीमारी एवं उसके बचाव पर अपने विचार प्रस्तुत किए।
- **फॉर्मेसी महाविद्यालय** – दिनांक 10 मार्च से 13 मार्च 2016 तक फॉर्मेसी महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त कक्षाओं के विद्यार्थियों के मध्य क्रिकेट, टेबिल टेनिस, शतरंज, कैरम, खो–खो, एथीलेटिक्स एवं पिट्टू जैसे खेलों का अयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।
  - दिनांक 20 मार्च को म.प्र. विज्ञान परिषद भोपाल के तत्वाधान में परिसर में ''हर्बल तकनीक में नई संभावनाएं'' विषय पर तृतीय राष्ट्रीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। नैनो हर्बल मेडीसिन विषय पर प्रो. विनोद दीक्षित द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन दिया गया एवं डॉ. नितिन जैन, विज्ञानी, केंद्रीय बायोटेक विभाग, नई दिल्ली, डॉ. एस.के. भटनागर निर्देशक संत बायोमेडीकल लैब, ग्वालियार, डॉ. एम.एम. बंजारे विज्ञानी, आयुष ग्वालियर, डॉ. अमित नायक एम.डी. फाइटोड्रग्स भोपाल द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शित एवं उद्बोधित किया गया। सायंकालीन बेला में **'उमंग' 2016** में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक रंगमंचीय लोकनृत्य, एकल गायन, नाटक आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया।
  - एम. फार्म अंतिम वर्ष की छात्रा कु. दिव्या ठाकुर ने फार्मेसी महाविद्यालय LNCT भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी पोस्टर–प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढाया।
  - 02 अप्रैल 2016 को आयोजित **''कैरियर कौंसिलिंग''** में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार प्रस्तुतिकरण, भेषज विज्ञान क्षेत्र में नवाचार, निजी क्षेत्रों में भेषज विज्ञान में नवीन शोध कार्यों की उन्नति एवं प्रगति के संदर्भ में विस्तृत एवं तथ्यपरक संपूर्ण जानकारी श्री कृष्ण एजूकेशन हब औरंगाबाद महाराष्ट्र के निर्देशक श्री सलिल पेंडसे द्वारा दी गई।
  - शैक्षणिक सत्र 2015–16 के बी. फार्म पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष (7वें सेमेस्टर) का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।
  - भाग्योदय तीर्थ फॉर्मेसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आवेश कुमार यादव द्वारा इंटरनेशनल जनरल ऑफ बायोलाजिकल मेक्रो मोल्यूकूल पत्रिका में एवं

आर्टिफिशियल नैनो मेडीसिन एंड बायोटेक्नोलॉजी पत्रिका में शोध पत्रों का प्रकाशन हुआ।

- भाग्योदय तीर्थ फॉर्मेसी महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. आकांक्षा जैन का शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका जरनल ऑफ बायोसाइंस एंड बायो इंजीनियरिंग, एल्स बेयर पब्लिकेशन में प्रकाशन हुआ।

- यहाँ हम बताना चाहते हैं कि न्यास द्वारा संचालित, नर्सिंग महाविद्यालय में B.Sc. Nursing, GNM तथा फॉर्मेसी महाविद्यालय में M.Pharm तथा B.Pharm एवं पैरामेडीकल महाविद्यालय में DMLT पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। आगामी सत्र 2016–17 में M.Sc. Nursing, डिप्लोमा इन X-Ray, डिप्लोमा इन Dialysis तथा OT Technician पाठ्यक्रम प्रारंभ होना संभावित है। आपसे निवेदन है कि आपके एवं मित्र, परिजन, रिश्तेदार के बच्चे दर्शाये चिकित्सीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक हों तो उन्हें आपकी संस्था द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाने का परामर्श देवे।

- **आपको बताते हुए हम हर्षित हैं कि माह अप्रैल 2016 में भारतीय स्टेट बैंक की सामाजिक बैंकिंग सेवा अन्तर्गत न्यास को क्रिटिकल केयर एम्बूलेंस क्रय करने हेतु R.25,00,000/- की राशि स्वीकृत की गयी है। जिसके लिए भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ न्यास हृदय से आभारी है।**

- माह जनवरी से अप्रैल 2016 में आपके संस्थान द्वारा K.1,11,34,176/- का अतिरिक्त करूणादान मरीजों के लिए किया गया।

- चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के लिए भोजन तथा डायलिसिस के मरीजों एवं रक्तदानी के लिए दूध, नास्ता की निःशुल्क व्यवस्था दान–दाताओं के माध्यम से प्रतिदिन की जा रही है। आप भी इस पुण्य कार्य में अपनी चंचला लक्ष्मी का उपयोग कर पुण्य लाभ ले सकते हैं। आप अपनी दान राशि संस्था के SBI A/c 30476854924 सागर में सीधे जमा करें या चेक / ड्रॉफ्ट / मनीआर्डर द्वारा भेज सकते हैं।

- हमें आपके मूल्यवान सुझाव 07694009102 पर SMS करके या पत्र लिखकर भेज सकते हैं।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

संतोष खरे
जनसंपर्क अधिकारी